mated cost of Rs. 6520 crores (inclusive of Rs. 1565 crores of foreign exchange) in 5 years time is also being considered for an investment decision.

गंगा-जल के बंटवारे के मुद्दे को लेकर भारत और बंगलादेश के मध्य विवाद

1826. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन** : क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गंगा-जल बंटवारे के मुद्दे को लेकर भारत और बंगलादेश के मध्य विवाद चल रहा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस मुद्दे को लेकर हुये विवाद को समाप्त करने के लिये अभी तक कोई वार्ताएं हुई हैं;

(ग) इन वार्ताओं के निष्कर्षों का ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या हाल ही में बंग्लादेश के विदेश मंत्री के वार्ता हेतु भारत आने के समय इस मुद्दे पर बातचीत हुई थी ; और

(ङ) यह मुद्दा कब तक सुलझा लिये जाने की संभावना है ?

जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) से (ग) इस समय तक गंगा जल के बंटवारे के संबंध में कोई समझौता नहीं हुआ है। सचिवों की समिति की अप्रैल, 1991 में हुई बैठक में यह सहमति हुई थी कि ऐसे बंटवारे के लिये कोई उपयुक्त आधार परिकल्पित करने के वास्ते एक संयुक्त तकनीकी दल संगत भू स्थिति का पता करने के लिये बांटे जाने वाले गंगा प्रवाहों पर आधारित भारत और बंग्लादेश के क्षेत्रों का दौरा करेगा।

(घ) और (ङ) जी हां। इन दोनों देशों की सुविधाजनक तारीखों को आगामी बातचीत करने की सहमति हुई है।

सतलुज-यमुना लिंक नहर पर निर्माण कार्य

1827. **श्री रणजीत सिंह** : क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 28 अगस्त, 1991 को "इंडियन एक्सप्रैस" में "पंजाब गवर्नमेंट सस्पेंड वर्क आन एस0वाई0ई0एल0 केनाल" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि पंजाब सरकार ने सतलुज-यमुना लिंक नहर-निर्माण परियोजना में कार्यरत कर्मचारियों को अन्य परियोजनाओं के कार्य में लगा दिया है ;

(ग) यदि हां, तो सतलुज-यमुना लिंक नहर-निर्माण में कार्यरत कितने कर्मचारियों को अन्यत्र भेज दिया गया है ; और

(घ) क्या यह सच है कि इस परियोजना के मुख्य अभियन्ता का पद अभी भी रिक्त पड़ा हुआ है, यदि हां, तो कब से ?

जल संसाधन मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) पंजाब सरकार के अनुसार, सतलुज-यमुना संपर्क नहर निर्माण परियोजना की नामावलियों पर इस समय लगभग 2000 कुशल और अकुशल कार्य प्रभारित कर्मचारी कार्यरत हैं और अधिशेष हुये कर्मचारियों में से अब तक 850 अकुशल कर्मचारियों को अन्य कार्य पर लगा दिया गया है।

(घ) इस परियोजना के मुख्य इंजीनियर का पद 23-7-1990 से रिक्त पड़ा हुआ है।